**भारत सरकार**

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 809**

दिनांक 07 फरवरी, 2025 को उत्तर के लिए

## गैर-सरकारी संस्थानों द्वारा भ्रष्टाचार

**809. श्री राहुल कस्वांः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि अनेक गैर-सरकारी संस्थान/गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) भ्रष्टाचार में लिप्त हैं, सरकारी निधि का दुरुपयोग कर रहे हैं और मंत्रालय के नाम पर झूठा प्रचार कर और इस संबंध में असत्यापित आंकड़े उपलब्ध कराकर धन की उगाही कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो राजस्थान सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार महिला और बाल कल्याण के विकास हेतु नई नीति बनाने पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा है?

**उत्तर**

**महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री**

**(श्रीमती सावित्री ठाकुर)**

**(क)से (घ):** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सीधे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधियां जारी करता है। यह गैर-सरकारी संस्थानों/गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को कोई निधि जारी नहीं करता है।

*****